Daily Current Affairs 07/04/2021

1. TRIFED ने गांव और डिजिटल कनेक्ट अभियान-"संकल्प से सिद्धि" शुरू किया

Tribal Co-Operative Marketing Development Federation of India Limited
Ministry of Tribal Affairs, Govt. of India

- यह एक 100 दिन का अभियान है जिसे 1 अप्रैल, 2021 से शुरू किया गया था।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गांवों में वन धन विकास केन्द्रों को सक्रिय करना है।
- मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि प्रत्येक क्षेत्र में एक सौ गांव होंगे और अगले एक सौ दिनों में एक हजार पांच सौ गांवों तक पहुंचा जाएगा।
- गांवों में जाने वाला दल वन धन विकास केन्द्रों के लिए TRIFOOD और स्कीम ऑफ फंड फॉर रिजनरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज (SFURTI) के लिए स्थलों का निर्धारण करेंगे।
- **ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (TRIFED) के बारे में तथ्य:**

  स्थापना: 1987

  मुख्यालय: नई दिल्ली

  मूल संगठन: जनजातीय मामलों के मंत्रालय

  प्रबंध निदेशक: प्रवीर कृष्ण

2. केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने "दुर्लभ रोगों के लिए राष्ट्रीय नीति, 2021" को स्वीकृति दी

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

- दुर्लभ बीमारियों पर नीति का उद्देश्य संयोजक के रूप में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गठित राष्ट्रीय संघ की सहायता से स्वदेशी अनुसंधान पर ज्यादा जोर के साथ दुर्लभ बीमारियों के उपचार की ऊंची लागत को कम करना है।
- नीति में दुर्लभ बीमारियों की एक **राष्ट्रीय स्तर की अस्पताल आधारित रजिस्ट्री** तैयार करने की कल्पना भी की गई है।
- ऐसी दुर्लभ बीमारियों के उपचार के लिए **राष्ट्रीय आरोग्य निधि की अम्ब्रेला योजना के तहत 20 लाख रुपये** तक के वित्तीय समर्थन के लिए प्रावधान का प्रस्ताव है, जिनके लिए एकमुश्त उपचार (दुर्लभ रोग नीति में समूह 1 के अंतर्गत सूचीबद्ध बीमारी) की जरूरत होती है।
- इस वित्तीय सहायता के लिए लाभार्थियों को BPL परिवारों तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसका लाभ 40 प्रतिशत जनसंख्या तक बढ़ाया जाएगा जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र हैं।

3. DRDO ने नौसैनिक पोतों को मिसाइल हमलों से बचाने के लिए आधुनिकतम चैफ़ प्रौद्योगिकी का विकास किया

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने नौसैनिक पोतों को शत्रु के मिसाइल हमलें से बचाने के लिए आधुनिकतम चैफ़ प्रौद्योगिकी का विकास किया है।
- DRDO की प्रयोगशाला, डिफेंस लेबोरेटरी जोधपुर (DLJ) ने भारतीय नौसेना की गुणात्मक आवश्यकताओं को पूरा करते हुए इस अतिमहत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के तीन प्रकारों का स्वदेश में विकास किया है, ये हैं शॉर्ट रेंज चैफ़ रॉकेट (SRCR), मीडियम रेंज चैफ़ रॉकेट (MRCR) और लॉन्ग रेंज चैफ़ रॉकेट (LRCR)।
- चैफ़ एक अप्रतिरोधी विस्तार योग्य इलेक्ट्रॉनिक जवाबी प्रौद्योगिकी है जो विश्वभर में नौसैनिक पोतों को शत्रु के रडार और रेडियो फ्रीक्वेंसी मिसाइल साधकों से संरक्षण देती है।

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

4. **उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद नगर निगम BSE में सूचीबद्ध हुआ**

- उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद नगर निगम ने खुद को BSE (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) में सूचीबद्ध किया और BSEBOND का उपयोग करके निजी प्लेसमेंट बेसिस पर नगर निगम बांड जारी करके सफलतापूर्वक 150 करोड़ रूपए जुटाए।
- यह देश में किसी भी नगर निगम द्वारा जारी किया गया **पहला ग्रीन बॉन्ड** है।
- **नोट:** गाजियाबाद नगर निगम धन जुटाने वाला उत्तर प्रदेश राज्य में **दूसरा नगर निगम** है।
- इससे पहले, **लखनऊ नगर निगम** BSE में सूचीबद्ध हुआ था।
- **BSE लिमिटेड के बारे में:** यह, जिसे पहले **बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड** के नाम से जाना जाता था, मुंबई के दलाल स्ट्रीट में स्थित एक भारतीय स्टॉक एक्सचेंज है। 1875 में स्थापित, यह एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है।

5. **राजस्थान अपने सभी निवासियों के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने वाला पहला राज्य बन गया**

- राज्य ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 2021-22 के बजट में घोषित **चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना** के लिए पंजीकरण शुरू किया।
- राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है, जहां प्रत्येक परिवार को हर साल 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।
- **राजस्थान के बारे में तथ्य:**

  राज्यपाल: कलराज मिश्र

  राजधानी: जयपुर

  मुख्यमंत्री: अशोक गहलोत

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

6. भारत का पहला कृषि-आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र राजस्थान में शुरू हुआ

- प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM-KUSUM) योजना के तहत पहला कृषि-आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र जयपुर जिले की कोटपूतली तहसील में 17 लाख यूनिट बिजली के उत्पादन के प्रावधान के साथ शुरू हुआ।
- राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (RRECL) ने KUSUM योजना के तहत भारत की पहली कृषि आधारित सौर ऊर्जा परियोजनाओं की शुरुआत की।
- जयपुर में कोटपूतली तहसील के भलोजी गाँव में 3.5 एकड़ खेत पर स्थापित 1 मेगावाट की परियोजना, यह 623 कृषि आधारित सौर परियोजनाओं में से पहली है जो RRECL द्वारा KUSUM योजना के पहले चरण के तहत राजस्थान में 722 मेगावाट क्षमता पैदा करने के लिए चुनी गई है।
- **प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM-KUSUM) योजना के बारे में:** किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सिंचाई और डी-डीज़लाइज़ प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा इसे शुरू किया गया था।
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRI) द्वारा देश भर में सौर पंप और अन्य नए बिजली संयंत्रों की स्थापना के लिए इस योजना की शुरुआत 2019 में की गई थी।

7. न्यायमूर्ति एन वी रमन्ना भारत के 48वें प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किये गये

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने निवर्तमान CJI एस ए बोबडे द्वारा की गई सिफारिश को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति एन वी रमन्ना को भारत के 48वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है।
- जस्टिस रमन्ना 24 अप्रैल 2021 को शपथ लेंगे।
- 26 अगस्त 2022 तक रमन्ना भारत के 48वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में काम करेंगे।
- 17 फरवरी, 2014 को सुप्रीम कोर्ट में अपनी पदोन्नति से पहले, जस्टिस रमन्ना दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे।

8. QCI प्रमुख आदिल ज़ैनुलभाई कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के अध्यक्ष नियुक्त किए गए



- कार्मिक मंत्रालय के जारी आदेश के अनुसार, पूर्व क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) के प्रमुख आदिल ज़ैनुलभाई को कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि रामास्वामी बालासुब्रमण्यम को सदस्य (HR) और प्रवीण परदेशी को सदस्य (प्रशासन) के रूप में नियुक्त किया गया है।
- **नोट:** सरकार ने सभी स्तरों पर सिविल सेवकों को प्रशिक्षित करने के लिए **नेशनल प्रोग्राम फॉर सिविल सर्विसेज कैपेसिटी बिल्डिंग (NPCSCB)** के तहत, जिसे **'मिशन कर्मयोगी'** भी कहा जाता है, कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन को मंजूरी दी।

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

9. वर्ष 2023 के मेन्स बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित होगी

- बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ उजबेकिस्तान द्वारा सफल बोली लगाए जाने के बाद ताशकंद को 2023 के AIBA मेन्स बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है।
- **नोट: इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन** ने घोषणा की कि 21-31 मई से एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2021 की मेजबानी नई दिल्ली, भारत द्वारा की जाएगी।
- **इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (AIBA) के बारे में तथ्य:**

  मुख्यालय: लॉज़ेन, स्विट्जरलैंड

  अध्यक्ष: उमर क्रेमलेव

  स्थापना: 1946

10. 07 अप्रैल, विश्व स्वास्थ्य दिवस

- 2021 का विषय **'बिल्डिंग ए फैरेर एंड हेल्थिएर वर्ल्ड फॉर एवरीवन'** है।
- 1948 में, WHO ने प्रथम विश्व स्वास्थ्य सभा का आयोजन किया। असेंबली ने 1950 से प्रत्येक वर्ष के 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

- विश्व स्वास्थ्य दिवस WHO की स्थापना को चिह्नित करने के लिए आयोजित किया जाता है और संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष वैश्विक स्वास्थ्य के प्रमुख महत्व के विषय पर दुनिया भर का ध्यान आकर्षित करने के अवसर के रूप में देखा जाता है।
- **WHO (विश्व स्वास्थ्य संगठन) के बारे में तथ्य:**

  मुख्यालय: जिनेवा, स्विट्जरलैंड

  स्थापना: 7 अप्रैल 1948

  महानिदेशक: डॉ टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस

gradeup

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests